

इकतारा बोले
डॉ टी महादेव राव
विशाखापटनम (आंध्र प्रदेश)
9394290204



## बतंगड़ बात का ..

'भगवान से तुमने क्या मांगा श्रीमती जी? '

'अगले जनम में भी आपको ही पति के रूप में। '

'एक तो तुम मुझसे परेशान रहती हो, दूसरा मुझसे लड़ती झगड़ती रहती हो। रोज का जंजाल चलता है हमारे बीच। फिर भी तुम ... '

'आपके कहना सही है। इतनी मेहनत से तो आपको एक सही पति के रूप में तराशा है। अब प्रशिक्षित पति को छोड़कर नए किसी को फिर से कौन सुधार करे, मेहनत करे। इसलिए अगले जनम में आपको ही पति के रूप में पाना चाहती हूं। वही मांगा है। आपने क्या मांगा है भगवान से? '

'मैं...अब छोड़ो। '

'बताना तो पड़ेगा ही। बताइए न ! '

'मैंने अगले जनम में अच्छी पत्नी देने की अर्जी लगाई है। देखें क्या होता है? '

'मतलब मैं अच्छी नहीं हूं। झगड़ालू हूं, तुमसे लड़ती बिगड़ती हूं।'

'भागवान ! मैं कब कहता हूं कि तुम अच्छी नहीं हो। तुम तो बहुत अच्छी हो। मगर क्या है न, भगवान की निगाह में भी तो तुम्हारी अच्छाई को प्रशंसा मिले, मान्यता मिले। इसलिए मैंने जानबूझकर अच्छी पत्नी शब्द का इस्तेमाल किया है।'

'न। मैं जानती हूं, तुम झूठ बोल रहे हो। पिछले दिनों सामने वाली सरिता के तारीफ के कसीदे काढ़ रहे थे। अच्छी पत्नी हैं आप, शिरीष जी बड़ी किस्मत वाले हैं जो आपसे ब्याहे गए। मतलब आपकी नजर में वही अच्छी पत्नी है। मैं तो गिनती में भी नहीं। '

'अरे यार ! तुम तो बात का बतंगड़ बनाए जा रही हो। मेरा मतलब यह नहीं था। मतलब जो थोड़ी बहुत अच्छाई की कमी तुम में है उसे दूर कर मुझे अच्छी पत्नी के रूप में अगले जन्म में तुम्हीं को देंगे भगवान, ऐसा मेरा कहना था।'

'अगर तुम मेरी कमियां बता दो तो मैं अभी से उनमें सुधार कर लूं, ताकि अगले जन्म में हम और तुम फिर दंपति के रूप में मिल सकें। '

'हमने तो मुझे सरौते में सुपारी की तरह फंसा दिया है। अच्छाई बताओ तो तुम जितना खुश हो जाती हो बुराइयां बताऊंगा तो उससे ज्यादा गुस्सैल होकर झगड़ने लगती हो क्या करूं बोलो? '

'मतलब मुझ में बुराई है और तुम मेरी बुराई नहीं करना चाहते या नहीं बताना चाहते ताकि मैं अगले जन्म में तुम्हारी पत्नी न बन सकूं मुझसे परेशान हो गए हो तुम। '

'अरे नहीं यार। तुम तो बात बनाने लगती हो लेकिन बताओ अचानक अगले जन्म की बात हुई तो हुई कैसे?'

'कल एक स्वामी जी आए थे जिन्होंने कहा कि बार-बार भगवान से अगले जन्म में पति के रूप में इस जन्म के व्यक्ति को ही चाहोगी, मांगोगी तो भगवान अवश्य आपकी बात सुन लेते हैं। उनका कहना है इस मामले में भगवान बड़े प्रसन्न होते हैं और वरदान दे देते हैं। इसीलिए मैंने ऐसा कहा। '

'यह बताने के लिए उस स्वामी जी ने कितने रुपए की दक्षिणा प्राप्त की?'

'सिर्फ दोहज़ार पांच सौ सोलह रुपए दक्षिणा दी है मैंने।'

'जब मैं कहता हूं मुझे दोस्तों के साथ पार्टी करनी है पैसे दे दो तो तुम्हारे पास पैसे नहीं होते। तुम इनकार कर देती हो और इस तरह से स्वामी जी, बाबा जी, संत, योगी के नाम पर जो ठगी करते हैं उनको बड़ी रकम दान दक्षिणा के रूप में देती हो। यह तुम्हारी सबसे बड़ी बुराई है। इसे तुम सुधार भी नहीं सकती। '

'और जो तुम अपने दोस्तों के साथ गुलछर्रे उड़ाते हो और पैसे बर्बाद करते हो। यह तुम्हारी अच्छाई है?'

'मैंने कब कहा अच्छाई है। इसलिए तो कह रहा हूं कि अगले जन्म में इस बुरे व्यक्ति से पीछा छुड़ा लो और कोई जोरू का गुलाम सा जैसा कि तुम्हारी बहन का पति है जबरू लाल वैसा किसी को चुन लो और मुझे बख्श दो।'

'अच्छा मेरा बहनोई जोरू का गुलाम है और जबरू लाल है। वह तो कितना सीधा सदा और सज्जन व्यक्ति है। ऑफिस से घर, घर से ऑफिस, अधिक से अधिक बाजार बस यही उसकी दुनियां है। न वह शराब पीता है और न सिगरेट। दोस्तों के साथ गुलछर्रे भी नहीं उड़ाता। घर में बीवी की सहायता करता है। एक आदर्श पति की जो रूपरेखा होती है उस पर वह शत प्रतिशत खरा उतरता है।'

'तो मुझे अगले जन्म में किसी और राक्षसी से ब्याह रचाने दो। तुम बस मुझे अगले जन्म में भी परेशान करने का व्रत छोड़ दो। किसी जोरू लाल जैसा टपोरी को पति के रूप में पाने की आशा करो। '

'मतलब क्या है तुम्हारा किसी और राक्षसी से? मतलब मैं राक्षसी हूं? '

'दीदी ! जीजा जी ! क्यों लड़ रहे हों?' कहते हुए साले साहब ने घर में कदम रखा। दीदी से राम कहानी सुनकर बोला 'न सूत न कपास जुलाहों में लट्ठम लठ्ठा। अगले जन्म किसने देखा है? अगले जन्म में तुम दोनों मनुष्य योनि में ही जन्म लोगे क्या गारंटी है? खास बात यह बताने आया हूं कि कल जो स्वामी आया था उसे चोरी के इल्ज़ाम में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। '

# तालाबों में खुदाई करके समुद्र बना दिया और करोड़ों रुपए की रॉयल्टी की चोरी कर शासन को चूना लगा दिया

## जल संसाधन मंत्री के क्षेत्र में रेलवे ठेकेदार ने कितनी खुदाई की तालाब समुद्र में तब्दील हो गया जवाबदारी कौन लेगा

**इंदौर।**

किसान नेता हंसराज मंडलोई ने कहा कि इंदौर बुधनी रेलवे लाइन का ठेकेदार लगातार सांवेर विधानसभा क्षेत्र के तालाबों में अवैध खुदाई कर रहा है लगातार शिकायत करने के बाद भी प्रशासन ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है इसलिए उसके हौसले इतने बुलंद हो गए हैं की अब कदवाली खुर्द के के तालाब में भी एक महीने से रेलवे ठेकेदार ने खुदाई प्रारंभ कर दी हैं जबकि यह तालाब जल संसाधन विभाग का है और इसी विभाग के मंत्री क्षेत्रीय विभाग विधायक तुलसी सिलावट जल



संसाधन मंत्री है इसके बाद भी तालाब में अवैध खुदाई का काम जोरो से चल रहा है और करोड़ों रुपए की रॉयल्टी चोरी की जा रही है इसमें कहीं ना कहीं सत्ता में बैठे हुए मंत्री समर्थक लोग भी शामिल है और पंचायत पदाधिकारी की भी मिली भगत इसमें है किसान नेता ने मांग की की क्षेत्र के जिन तालाबों में रेलवे ठेकेदार ने खुदाई की है उनकी नपति करवा कर ठेकेदार से एवं जिम्मेदार पदाधिकारी से वसूली की जाए 20% ज्यादा रॉयल्टी ली जाए एवं वहां राशि इंदौर बुधनी रेलवे लाइन के किसानों में बांटी जाए

## चार मातृशक्तियों को देवी अहिल्याबाई गौरव सम्मान से किया सम्मानित

**इंदौर।**

गरिमामय समारोह में पर्यावरणविद् पद्मश्री डॉ. जनक पलटा ने चार मातृ शक्तियों को देवी अहिल्याबाई गौरव सम्मान - 2026 से सम्मानित किया। श्रीमती जनक पलटा ने आदिवासी क्षेत्र में कार्य कर रही सेविका, नर्मदा परिक्रमावासी एवं पर्वतारोही सुश्री भारती दीदी ठाकुर,राज्य शासन के जनजातीय कार्य विभाग में सेवारत अनुसंधान अधिकारी डॉ. माधुरी यादव, समाजसेविका एवं शिक्षिका सुश्री भारती कुशवाह और सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती क्रांति जोशी को होलकरी पगड़ी पहनाकर एवं शाल, श्रीफल और सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। साथ में प्रत्येक को एक



लाख 11 हजार रुपये की सम्मान निधि भी प्रदान की। आयोजन जाल सभागृह में हुआ। इस मौके पर मंच पर देवी श्री अहिल्या जन्मोत्सव समिति की मुख्य संरक्षक एवं विधायक सुश्री उषा ठाकुर, अध्यक्ष मानवेन्द्र त्रिवेदी एवं सचिव सुनील मतकर विशेष रूप से उपस्थित थे। डॉ.राजीव शर्मा ने कहा- जो लोग इश्क अपने लक्ष्य से सुबहो - शाम करते है, चाँद और तारे भी झुककर उसे प्रणाम करते है। सूर्य अर्ध्य चढाता है उस इंसान को, जो अपना जीवन वतन के नाम करते है। कवि राकेश दांगी ने कहा - मेरी कविता गीत छंद में वंदन हो जाए लिखे एकता का एक इतिहास मिलकर भारत भू का बच्चा - बच्चा रघुनंदन हो जाय। अध्यक्ष मानवेंद्र त्रिवेदी ने कहा कि वर्ष 1960 में गणेश मतकर ने संस्था की स्थापना की। संस्था । विधायक सुश्री उषा ठाकुर ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि चारो मातृ शक्तियां आज सेवा भाव से कार्य कर दुसरो को प्रेरणा दे रही है। अतिथि स्वागत विधायक सुश्री उषा ठाकुर, डॉ. योगेंद्रनाथ शुक्ल, अनिता मतकर और हरीश भागवत ने किया। सम्मान पत्र का वाचन श्रीमती ज्योति तोमर, प्रदीप गावड़े और पंकज उपाध्याय ने किया। अतिथियों को प्रतीक चिन्ह जयंत भिसे प्रदान किये। कार्यक्रम का संचालन सुनयना शर्मा ने किया। आभार माना सचिव सुनील मतकर ने। कार्यक्रम में श्रीमती रेणुका पिंगले, शारदा लाहोरे ,अर्पणा मतकर, प्रफुल्ल कस्तुरे सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास के मातृशक्ति प्रकोष्ठ द्वारा



**इंदौर।** आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास के मातृशक्ति प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आगामी 1 जून से विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर आचार्य पं. राहुल कृष्ण शास्त्री के श्रीमुख से होने वाली श्रीराम कथा का पहला न्योता गुरुवार को विद्याधाम मंदिर स्थित गणपति परिवार, माँ पराम्बा एवं हनुमानजी को समर्पित किया गया। मातृशक्ति प्रकोष्ठ की मेजबानी में विद्याधाम परिसर में श्रीराम कथा का दिव्य आयोजन 7 जून तक चलेगा। इस दौरान बुधवार 3 जून को पुरुषोत्तम मास की चतुर्थी का व्रत करने वाली 61 माताओं के व्रत का सामूहिक उद्यापन भी होगा। इस सम्पूर्ण अनुष्ठान की मुख्य यजमान श्रीमती पुष्पा-अशोक शर्मा, यजमान और प्रकोष्ठ पदाधिकारी सरस्वती शर्मा, साधना शर्मा, भारती शर्मा, पिंकी शर्मा, शशि शर्मा, कीर्ति जोशी, स्वाति शर्मा, जया शर्मा, हेमा शर्मा, प्रीति शर्मा, रंजना शर्मा, पूनम शर्मा, पूर्णिमा शर्मा एवं भारती शर्मा ने गणपति पूजन में शामिल होकर सभी देवी-देवताओं से श्रीराम कथा में पधारने की प्रार्थना की। न्यास के पं. दिनेश शर्मा, राजकिशोर शर्मा, डॉ. लोकेश जोशी, महेश शर्मा, अजय व्यास, विनय शर्मा, गौरव शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, उपेन्द्र शर्मा एवं अतुल शर्मा भी इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित थे।

## छावनी के व्यापारियों के साथ फिर हो सकता है धोखा

**इंदौर ।** सामाजिक कार्यकर्ता और मारुति नंदन बालाजी सेवा संस्थान के अध्यक्ष रामबाबू अग्रवाल एवं समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव रामस्वरूप मंत्री ने छावनी में तोड़फोड़ की निंदा करते हुए आरोप लगाया कि शासन और प्रशासन छावनी के व्यापारी और दुकानदारों के साथ धोखा कर रहा है। उन्होंने कहा कि अभी 60 फीट के हिसाब से दुकानें तोड़ी गई है, जबकि नोटिफिकेशन 80 फीट का ही है। 60 फीट का नोटिफिकेशन नहीं होने से कभी भी फिर तोड़फोड़ हो सकती है। मास्टर प्लान में यह रोड 80 फीट की ही है, लेकिन जनप्रतिनिधियों ने जनता के साथ धोखा करते हुए अभी 60 फीट के मान से तोड़फोड़ करवाई है । जनप्रिनिधियों ने हालांकि जनता को आश्वस्त किया है कि रोड 60 फीट की ही बनेगी, लेकिन जब तक गजट नोटिफिकेशन नहीं होता है सड़क मास्टर प्लान में 80 फीट की ही रहेगी और कभी भी फिर तोड़फोड़ की संभावना बन सकती है। उन्होंने छावनी के मकान मालिकों, दुकानदारों से आग्रह किया है कि वह अपने जन प्रतिनिधियों पर दबाव बनवाए की इस सड़क को 60 फीट का ही रखने का गजट नोटिफिकेशन करवाए। श्री अग्रवाल ने राज्य शासन से भी मांग की है कि जिस तरह से किसानों को भूमि अधिग्रहण पर चार गुना बाजार भाव से मुआवजा दिए जाने का प्रावधान है इसी तरह से छावनी के व्यापारियों, दुकानदारों को भी बाजार भाव से चार गुना मुआवजा दिया जाए, तभी उनकी जमीन ली जाए अपनी पुश्तैनी जमीन का चार गुना मुआवजा पाना उनका नैतिक और मौलिक अधिकार है। अतः सरकार जिनकी भी दुकानें तोड़ी गई है मकान तोड़े गए हैं उन्हें चार गुना मुआवजा दे ।

## मालवा मील अग्रवाल पंचायत की कथा में मनाया गया राम जन्मोत्सव

**इंदौर।**

श्री मालवा मील अग्रवाल पंचायत की मेजबानी में अग्रवाल धर्मशाला, वाय एन रोड पर चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ में गुरुवार को प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

पंचायत के अध्यक्ष गोविन्द गर्ग, मंत्री सुशील अग्रवाल ने बताया कि राजस्थान के प्रख्यात भागवताचार्य पं. सतीशचन्द्र शर्मा ने कथा के दौरान प्रभु श्रीराम के चरित्र का गुणगान करते हुए अपने भजनों की गंगा से श्रर्द्धालुओं को मंत्रमुग्ध बनाए रखा।

महिलाओं द्वारा अपने-अपने घरों से आटे की पंजेरी का प्रसाद



एवं अन्य व्यंजनों का प्रसाद समर्पित किया गया।

कथा संयोजक राजेश अग्रवाल, अर्पण गर्ग, उमेश मंगल, महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मोनिका पोत्दार, गणेश गोयल, संतोष गोयल, पत्रकार विमल गर्ग, गोपाल सीताराम अग्रवाल, राधेश्याम सेनी, सतीश मंगल, सुरेश मित्तल, गोविन्द मित्तल, गोविन्द सिंघल, मोहन अग्रवाल सुखलिया, हरगोविंद मित्तल आदि ने व्यास पीठ का पूजन किया। श्रीराम जन्मोत्सव के बाद भागवतजी की आरती में समूचे क्षेत्र के नागरिकों ने जयघोष के बीच अपनी भागीदारी दर्ज कराई।

मंच का संचालन सुभाष अग्रवाल ने किया और आभार माना कल्याण अग्रवाल ने। कथा 1 जून तक प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक होगी। इस ज्ञान यज्ञ में मालवा मील क्षेत्र से जुड़ी क्षेत्र की 40 कॉलोनियों एवं आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालु भागीदार बन रहे हैं।

## मानसून से पहले सड़कों को सुधारने का अभियान तेज, दिन-रात चल रहा पैचवर्क

### राजकुमार ब्रिज, रिंग रोड और बंबई बाजार सहित कई इलाकों में काम पूरा

**इंदौर (ईएमएस)।**

आगामी वर्षाकाल को देखते हुए नगर पालिक निगम द्वारा शहर की क्षतिग्रस्त सड़कों को दुरुस्त करने के लिए युद्धस्तर पर पैचवर्क अभियान चलाया जा रहा है। निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देश पर शहर के प्रमुख मार्गों पर दिन-रात मरम्मत कार्य जारी है, ताकि बारिश के दौरान नागरिकों को सुरक्षित और सुगम यातायात की सुविधा मिल सके।



निगम की टीमें योजनाबद्ध तरीके से शहर के अलग-अलग हिस्सों में सड़कों के गड्ढे भरने में जुटी हैं। इस अभियान के तहत बुधवार को राजकुमार ब्रिज, रेडिसन से स्टार चौराहा, रिंग रोड, एमआर-10, धार रोड और बंबई बाजार सहित कई व्यस्त मार्गों पर पैचवर्क का काम पूरा किया गया।

वहीं गुरुवार को राजकुमार ब्रिज के शेष बचे हिस्से, बॉम्बे हॉस्पिटल से निपानिया चौराहा, मक्सी बाजार और कलानी नगर क्षेत्र की सड़कों को सुधारा गया।

निगम आयुक्त ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि मानसून की पहली बौछार से पहले ही सभी चिह्नित सड़कों का कार्य तय समयसीमा में और पूरी गुणवत्ता के साथ अनिवार्य रूप से पूरा कर लिया जाए।

इसके साथ ही कार्य के दौरान इस बात का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है कि शहर की व्यस्त यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो और आम जनता को आवागमन में कोई असुविधा न हो।

## ईद-उल-अजहा पर सजदे में झुके सिर

**पीथमपुर।** त्याग, भाईचारे और इंसानियत का पर्व ईद-उल-अजहा रविवार को पूरे पीथमपुर क्षेत्र में अकीदत और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही मस्जिदों और ईदगाहों में नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी। चौपाटी स्थित जामिया इस्लामिया मस्जिद, धन्नड़ ईदगाह सहित क्षेत्र की दर्जनों मस्जिदों और ईदगाहों में मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद की नमाज अदा कर देश में अमन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ मांगी।



## अवैध रूप से संग्रहित बड़ी मात्रा में गैस सिलेंडर जप्त



**इंदौर ।** इंदौर में अग्नि सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन लगातार सतर्कता और सख्ती के साथ कार्रवाई कर रहा है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आज शहर के मध्य स्थित महाराजा कॉम्प्लेक्स में बड़ी कार्रवाई की गई। खाद्य विभाग की टीम ने निरीक्षण के दौरान एक अवैध रूप से कब्जाई गई दुकान में बड़ी मात्रा में गैस सिलेंडरों का अवैध भंडारण पाए जाने पर कार्रवाई करते हुए गैस से भरे हुए 25 गैस सिलेंडर जब्त किए। बताया गया कि सिलेंडरों का संग्रहण सुरक्षा मानकों के विपरीत किया जा रहा था, जिससे आगजनी जैसी गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी।

## कनाडिया बायपास क्षेत्र टीपीएस-4-5 और एन.एच. ए.आई. की निर्माणाधीन सडकों का निर्माण शीघ्र करें

**इंदौर।**

जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने आज इन्दौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री परीक्षित झाडे और प्रोजेक्ट डायरेक्टर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण श्री प्रदीप यादव के साथ सांवेर विधानसभा के कनाडिया और बायपास में निर्मित हो रही टी.पी.एस. 4 और 5 की सडकों एवं भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा निर्मित की जा रही 17 किलोमीटर सड़क का निरीक्षण किया और वर्तमान कार्य प्रगति और उक्त योजनाओं के संबंध में भविष्य में होने वाले विकास कार्यों की समीक्षा की। मंत्री श्री सिलावट ने इस संबंध में बताया कि सांवेर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत विकास प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक 4 और 5 में सड़क निर्माण सहित अन्य विभिन्न विकास कार्य चल रहे हैं, जिनका अवलोकन कर उन्हें शीघ्र समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। मंत्री श्री सिलावट ने कनाडिया अहिल्या बावडी के पास में गार्डन का निर्माण करने एवं योजनान्तर्गत सड़क निर्माण में आ रहे अवरुद्ध एवं अतिक्रमणों को बारिश के पूर्व हटाकर शीघ्र निर्माण करने के निर्देश दिये।

## आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़ा हादसा टला

### नवल होटल के पास तेज रफ्तार ट्रक ने दूसरे ट्रक को मारी टक्कर

**पीथमपुर।** आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार रात एक सड़क हादसा हो गया। नवल होटल के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने आगे चल रहे दूसरे ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि दोनों वाहनों को नुकसान पहुंचा है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के समय हाईवे किनारे बड़ी संख्या में यात्री मौजूद थे, जो मुंबई और पुणे जाने वाली बसों का इंतजार कर रहे थे।

अचानक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक से जा टकराया। टक्कर की आवाज सुनते ही आसपास अफरा-तफरी मच गई।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि ट्रक थोड़ी भी दिशा बदलता तो हाईवे किनारे खड़े यात्रियों की जान खतरे में पड़ सकती थी।

घटना के बाद कुछ समय तक यातायात प्रभावित रहा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

पुलिस ने दोनों वाहनों को सड़क किनारे हटवाकर यातायात सामान्य कराया। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना माना जा रहा है।